भारत सरकार

कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय

कृषि, सहकारिता एवं किसान कल्याण विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 3788

17 मार्च, 2020 को उत्तरार्थ

विषय: कृषि कल्याण योजना के अंतर्गत सहायता

3788. श्री जॉन बर्लाः

क्या कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) किसानों को सहायता प्रदान करने के लिए समय-समय पर सरकार द्वारा चलाए जाने वाले कृषि कल्याण अभियान जैसे कार्यक्रमों के अंतर्गत किसानों को प्रदत्त सहायता के प्रकार क्या हैं;

(ख) इसे कितनी बार संगठित किया गया है;

(ग) इस योजना के अंतर्गत किसानों को कौन-सी आधारभूत सुविधाएं दी जाती हैं; और

(घ) इससे कितने गांव लाभान्वित हुए हैं या गत दो वर्षों और चालू वर्ष के दौरान कितने गांवों में इसका आयोजन किया गया था?

उत्तर

कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री (श्री नरेन्द्र सिंह तोमर)

(क) से (घ): देश में सभी राज्यों/संघ राज्यों क्षेत्रों में चुने गए 117 महत्वाकांक्षी जिलों में किसानों की आय बढ़ाने के लिए कृषि एवं संबंद्ध गतिविधियों को बढ़ावा देने पर जोर देने के लिए कृषि कल्याण अभियान (केकेए) शुरू किया गया था। अब तक दिनांक 01.06.2018 से 31.07.2018 (15.08.2018 तक बढ़ी हुई अवधि) और 02.10.2018 से 25.12.2018 (25.01.2019 तक बढ़ी हुई अवधि) के दौरान कृषि कल्याण अभियानों का आयोजन किया गया है। प्रत्येक अभियान के तहत प्रत्येक महत्वकांक्षी जिलें में 1000 से अधिक जनसंख्या वाले 25 गांवों को कवर किया गया। कृषि कल्याण अभियान-। और ।। में संचालित गतिविधियों का विवरण निम्नानुसार है:

क्र.सं.	गतिविधि	केकेए-। उपलब्धि (इकाईयों की संख्या)	केकेए-।। उपलब्धि (इकाईयों की संख्या)
1	मृदा स्वास्थ्य कार्ड का वितरण	738058	706787
2	दलहन और तिलहन या धान की मिनीकिटों का वितरण	450863	179881
3	प्रति परिवार 5 रूपए की दर से बागवानी/कृषि वानिकी/बांस के पौधों का वितरण	1519006	560571
4	प्रत्येक गाँव में एनएडीईपी गड्ढे बनाना (प्रति गाँव 20)	39742	15763
5	प्रशिक्षण कार्यक्रम (प्रति गांव 3 प्रशिक्षण)	17810	9089
6	प्रति गाँव 10-20 कृषि उपकरणों का वितरण (प्रति गाँव 10)	33484	17830
7	प्रत्येक गाँव में गोजातीय टीकाकरण (एफएसडी) का 100% कवरेज	1358724	1420173
8	पीपीआर के उन्मूलन के लिए भेड़ और बकरी का 100% कवरेज	1078113	933487
9	कृत्रिम गर्भाधान संतृप्ति (प्रति गांव 100 पशु)	131164	125533
*10	एकीकृत फसल पद्धति का प्रदर्शन (प्रति जिला 1)	-	2633
*11	सूक्ष्म सिंचाई पर प्रदर्शन कार्यक्रम (प्रति जिला 1)	-	2390
*12	किसानों के खेतों पर प्रौद्योगिकी प्रदर्शन	-	250
*13	पीएमएफबीवाई के लिए जागरूकता अभियान का आयोजन (प्रति गांव 1)	-	11565
*14	मनरेगा के साथ अभिसरण में ग्रामीण हाट का विकास/उन्नयन (1 प्रति गाँव)	-	183

*यह गतिविधियां केकेए-। के तहत कवर नही की गई थी।